राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–1

राजभवन देहरादून 03 फरवरी, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को राजभवन में 75वें गणतन्त्र दिवस परेड में प्रतिभाग करने वाले एनसीसी कैडेट्स को सम्मानित किया। गौरतलब है कि उत्तराखंड से इस वर्ष की गणतंत्र दिवस में आयोजित परेड और अन्य गतिविधियों में 122 कैडेट्स ने प्रतिभाग किया जिसमें 46 लड़कियां भी शामिल रहीं। इस अवसर पर राज्यपाल ने एनसीसी 11 यूके बटालियन (गर्ल्स) मेजर शशि मेहता को भी सम्मानित किया। उन्होंने झांसी से दिल्ली तक की नारी शक्ति वंदन दौड़ में प्रतिभाग करते हुए 470 किलोमीटर की दूरी तय कर रिकॉर्ड बनाया। राज्यपाल ने इस असाधारण उपलब्धि के लिए मेजर शशि मेहता की सराहना की।

कैडेट्स को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय शिविर और कर्तव्य पथ पर आयोजित परेड में प्रतिभाग करना आपकी प्रतिबद्धता और अटूट समर्पण का परिणाम है। इस प्रकार के कार्यक्रम का हिस्सा होना गर्व और प्रतिष्ठा के साथ–साथ यह आपको जीवन की स्मृतियों में हमेशा याद रहेगा जिसकी तुलना किसी अन्य आयोजन से किया जाना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि यह अनुभव और सीख जीवन भर आपको गर्व और आत्मविश्वास के साथ देश, समाज के लिए बेहतरीन कार्य करने के लिए प्रेरित करता रहेगा।

राज्यपाल ने कहा कि आप सभी सौभाग्यशाली हैं कि गणतंत्र दिवस जैसे विशिष्ट समारोह में प्रतिभाग करने का अवसर प्राप्त हुआ। यह आपके कठिन परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ निश्चय से संभव हो सका है। उन्होंने कहा की उत्तराखंड के एनसीसी कैडेट्स अन्य कैडेट्स की तुलना में अलग हैं आपका प्रशिक्षण और अभ्यास उत्कृष्ट है। राज्यपाल ने कहा कि एनसीसी में सिखाये जाने वाले एकता और अनुशासन के मूल मंत्र को जीवन के अंतिम पग तक अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि एनसीसी की गतिविधियां सकारात्मक मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करने के साथ ही चरित्र निर्माण व व्यक्तित्व विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी भविष्य के नेतृत्वकर्ता हैं और अमृतकाल में नए भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की ज़िम्मेदारी युवाओं के कंधों पर है। उन्होंने आप सभी युवा अपने सपने और संकल्प हमेशा ऊंचे रखें। राज्यपाल ने कहा कि इन सभी उपलब्धियों के पीछे आपके माता–पिता का अहम योगदान है जिसे सदैव याद रखें। कार्यक्रम में एनसीसी निदेशालय के अधिकारियों द्वारा कैडेट्स के चयन प्रक्रिया से लेकर गणतंत्र दिवस कार्यक्रम तक की सभी गतिविधियों से राज्यपाल को अवगत कराया गया। इस दौरान राज्यपाल ने कैडेट्स से मुलाकात कर उनके अनुभवों के बारे में जानकारी ली। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स सांस्कृतिक नृत्य के ज़रिए मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी।

राज्यपाल ने एनसीसी कैडेट्स को उनकी विभिन्न उपलब्धियों हेतु बधाई देते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी। कार्यक्रम में एडीजी एनसीसी निदेशालय उत्तराखण्ड, मेजर जनरल अतुल रावत, डीडीजी एनसीसी ब्रिगेडियर बी.सी. बिष्ट, ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर पी उप्रेती, समेत एनसीसी के अधिकारी–कर्मचारी एवं कैडेट्स मौजूद रहे।

............0..........